# लखनऊ नगर निगम

मा0 सदन की विशेष बैठक (मा0 कार्यकारिणी समिति का गठन) दिनांक 19.01.2018 को नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोक नाथ हाल में सम्पन्न हुई, की कार्यवाही।

उपस्थिति : (यथा संलग्न)

मा0 कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के निर्वाचन हेतु आहूत मा0 सदन की बैठक में पधारे मा0 महापौर जी एवं उपस्थित समस्त मा0 पार्षदगण, पत्रकारगण तथा नगर निगम के उपस्थित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों का अभिनन्दन करते हुए नगर आयुक्त द्वारा मा0 सदन की कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने हेतु मा0 महापौर जी से अनुरोध किया गया। तत्पश्चात् मा0 महापौर जी द्वारा कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने हेतु अनुमति प्रदान की गयी।

मा0 पार्षद श्री देवकृष्ण मिश्र "मुन्ना मिश्रा" द्वारा मा0 सदन में उपस्थित सभी का अभिनंदन करते हुए कहा गया कि जो भी मा0 सदन के सदस्य हैं वही मा0 सदन में उपस्थित रहे। शेष बाहरी व्यक्ति बाहर चले जाये।

मा0 पार्षद श्री सै0 यावर हुसैन रेशू द्वारा कहा गया कि शहर में सफाई, मार्ग प्रकाश की व्यवस्था ठीक नहीं है, अतः मा0 महापौर जी मा0 कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के निर्वाचन के उपरान्त उक्त जन समस्याओं के दृष्टिगत रखते हुए मा0 सदन की सामान्य बैठक भी कर ली जाय।

मा0 पार्षद श्री गिरीश मिश्र द्वारा कहा गया कि त्रिलोकनाथ हाल में आयोजित इस विशेष मा0 सदन की बैठक में आप सभी का अभिनन्दन है, जैसा कि मा0 पार्षद श्री रेशू जी ने कहा कि शहर की समस्याएं बहुत अधिक हो गयी हैं, अतः अपरान्ह 03:00 बजे चुनाव के बाद मा0 सदन की बैठक उक्त समस्याओं पर चर्चा हेतु अवश्य कर ली जाय, ताकि जन समस्याओं पर विचार–विमर्श कर दूर किया जा सके।

महापौर
नगर निगम, लखनऊ

मा0 पार्षद श्री रमेश कपूर बाबा द्वारा कहा गया कि आपका प्रस्ताव तो उचित है, परन्तु कुछ मा0 पार्षद स्वर्ग सिधार गये हैं, जिनके लिये हमारा दायित्व बनता है कि उनके लिये श्रद्धॉजलि अर्पित किये जाने हेतु शोकसभा आयोजित कर ली जाय। तत्पश्चात् मा0 सदन की कार्यवाही प्रारभ की जाय।

मा0 पार्षद श्री नागेन्द्र सिंह चौहान द्वारा मा0 महापौर जी एवं उपस्थित समस्त मा0 पार्षदगणों का अभिनंदन करते हुए कहा गया कि आज हमारा विशेष सदन है। विशेष सदन की गरिमा अलग होती है, जैसा कि हमारे मा0 पार्षद श्री रेशू भाई ने कहा शहर में सफाई नहीं हो रही है, लाईटे नहीं जल रही है और मैं स्वयं चाहता हूँ कि व्यवस्था तत्काल

Scanned by CamScanner

ठीक करायी जाय। साथ ही मा0 सदन की गरिमा भी न गिरे, अतः आज केवल मा0 कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का चुनाव कर लिया जाय।

मा0 महापौर जी द्वारा कहा गया कि मा0 कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के चुनाव हेतु कार्यवाही प्रारम्भ की जाय। तत्पश्चात् सर्वसम्मति से मा0 सदन की सामान्य बैठक भी कर ली जाय।

मा0 महापौर जी के समक्ष आपसी सहमति से निम्न (12) सदस्यों का नामांकन पत्र भर कर प्रस्तुत किया गया :—

1— श्री अजय दीक्षित
2— श्री अरुण कुमार तिवारी
3— श्री गिरीश कुमार मिश्रा
4— श्री मो0 सगीर
5— श्री राज कुमार सिंह
6— श्री राजेश कुमार मालवीय
7— श्री राजेश सिंह
8— श्रीमती रानी कनौजिया
9— श्रीमती सुनीता सिंघल
10—श्री सुशील कुमार तिवारी
11—श्री विजय कुमार गुप्ता
12—श्री विमल तिवारी

मा0 महापौर जी द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि उक्त (12) पार्षदों द्वारा मा0 कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के निर्वाचन हेतु नामांकन पत्र भरा गया है और (12) सदस्यों को ही मा0 कार्यकारिणी समिति हेतु चुना जाना है।

महापौर
नगर निगम, लखनऊ

अतः निम्न (12) सदस्यों को निर्विरोध चुने जाने की घोषणा की जाती है :—

1— श्री अजय दीक्षित
2— श्री अरुण कुमार तिवारी
3— श्री गिरीश कुमार मिश्रा
4— श्री मो0 सगीर
5— श्री राज कुमार सिंह
6— श्री राजेश कुमार मालवीय
7— श्री राजेश सिंह
8— श्रीमती रानी कनौजिया
9— श्रीमती सुनीता सिंघल
10—श्री सुशील कुमार तिवारी
11—श्री विजय कुमार गुप्ता
12—श्री विमल तिवारी

Scanned by CamScanner

तत्पश्चात् मा0 महापौर जी द्वारा चुने गये 12 मा0 कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी गयी।

मा0 पार्षद श्री गिरीश मिश्र द्वारा कहा गया कि आज 12 मा0 कार्यकारिणी सदस्यों का निर्विरोध चुनाव करके एक इतिहास बनाया गया है, जिसके लिये मा0 महापौर जी एवं मा0 पार्षदगणों का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ तथा विश्वास दिलाता हूँ कि निश्चित रूप से इन 12 लोगों का प्रयास होगा कि वह लखनऊ नगर की जनता के प्रति पूरी तरह से समर्पित हों।

मा0 पार्षद श्री नागेन्द्र सिंह चौहान द्वारा मा0 सदन को अवगत कराया गया कि नरही वार्ड में स्व0 राजेन्द्र नाथ श्रीवास्तव उर्फ भइया जी एक वरिष्ठ समाजसेवी के साथ–साथ अनगिनत सामाजिक संस्थानों व संगठनों से जुडे रहकर ये नगर निगम, लखनऊ में वर्ष 1959 में सभासद व वर्ष 1990 में पार्षद निर्वाचित होकर समाज सेवा का कार्य करते रहें, अतः मा0 महापौर जी से अनुरोध है कि पूज्यनीय स्व0 राजेन्द्र नाथ श्रीवास्तव उर्फ भइया जी की उपरोक्त परिलब्धियों को देखते हुए उनको श्रद्धांजलि स्वरूप नरही स्थित तिकोनिया पार्क में एक मूर्ति एवं वहीं स्थित गदहा लेन का नाम राजेन्द्र नाथ श्रीवास्तव उर्फ भइया जी मार्ग करने हेतु निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

सेवा में,

मा0 महापौर जी,
लखनऊ नगर निगम,
लखनऊ

**विषयः सुप्रसिद्ध वरिष्ठ समाजसेवी पूज्यनीय स्व0 राजेन्द्र नाथ श्रीवास्तव उर्फ भइया जी को श्रद्धांजलि स्वरूप हजरतगंज रामतीर्थ वार्ड के अन्तर्गत नरही स्थित तिकोनिया पार्क में एक मूर्ति एवं गदहा लेन का नाम राजेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, भइया जी मार्ग करने के सम्बन्ध में।**

महोदया,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में सानुरोध आपको अवगत कराना है कि स्व0 राजेन्द्र नाथ श्रीवास्तव उर्फ भइया जी एक वरिष्ठ समाजसेवी नागरिक थे। उनका बचपन से ही रुझान समाज सेवा की ओर रहा। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा के साथ अविवाहित रहकर अपना सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा में दान कर दिया। अपने युवाकाल में देश की आजादी के आन्दोलनों में सक्रिय रूप से जुड़े रहने के साथ ये पत्रकार रहकर पत्रकारिता के क्षेत्र, शिक्षा व स्कूलो, अनगिनत सामाजिक संस्थानों व संगठनों से जुड़े रहकर ये नगर निगम लखनऊ में वर्ष 1959 में सभासद व वर्ष 1990 में पार्षद के पद पर निर्वाचित होकर समाज सेवा का कार्य करते रहे एवं वर्तमान में ये भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सम्मानित सदस्यों में एक रहे।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया पूज्यनीय स्व0 राजेन्द्र नाथ श्रीवास्तव उर्फ भइया जी की उपरोक्त परिलब्धियों का संदर्भ ग्रहण करते हुए उनको श्रद्धांजलि स्वरूप नरही

महापौर
नगर निगम, लखनऊ

Scanned by CamScanner

स्थित तिकोनिया पार्क में एक मूर्ति एवं गदहा लेन के नाम के स्थान पर राजेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, भइया जी मार्ग करने का कष्ट करें

यह सदन सर्वसम्मति से निर्णय लेता है कि तिकोनिया पार्क में भइया जी मूर्ति व गदहा लेन का नाम राजेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, भइया जी मार्ग कर दिया जाये।

ह0/–
नागेन्द्र सिंह चौहान,
पार्षद
हजरतगंज–रामतीर्थ वार्ड

संकल्प संख्या (1) सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।

मा0 पार्षद श्री गिरीश मिश्र द्वारा कहा गया कि पूर्व मा0 पार्षद स्व0 राम स्वरूप वर्मा जी अब हमारे बीच नहीं रहे जो अपनी अच्छी बातों के लिये जाने जाते थे। पूर्व में जब भी मा0 सदन की बैठकें होती थी तब तत्कालीन महापौर जी श्री राम स्वरूप वर्मा का नाम लेकर पुकारते थे और उनसे उनका हाल–चाल लेते थे और आवश्कता पड़ने पर उनसे सलाह भी लेना नहीं भूलते थे। मैं चाहूँगा कि उनका नाम भी शोक सभा में शामिल कर लिया जाय और जो भी नगर निगम के अधिकारी/कर्मचारी दिवंगत हुए है उनके लिये भी शोक संवेदना व्यक्त की जाय।

मा0 महापौर जी द्वारा मा0 सदन की गरिमा बनाये रखने हेतु सभी को धन्यवाद देते हुए दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिये शोक सभा आयोजित की गयी और कहा गया कि जल्द ही मा0 सदन की सामान्य बैठक हेतु तिथि निर्धारित कर अवगत करा दिया जायेगा।

सभी उपस्थितगण ने दो मिनट मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

तत्पश्चात् मा0 अध्यक्ष जी द्वारा बैठक अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की गयी।

(संयुक्ता भाटिया)
अध्यक्ष/महापौर
नगर निगम, लखनऊ

महापौर
नगर निगम, लखनऊ

Scanned by CamScanner